भारत में मानसिक स्वास्थ्य पहल

स्रोत: पी.आई.बी

हाल ही में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा **देश में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं** को दूर करने के उद्देश्य से की गई पहल पर प्रकाश डाला गया है।

प्रमुख मानसिक स्वास्थ्य पहल क्या हैं?

- **राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (NMHP):**
  - NMHP**, वर्ष 1982 में शुरू किया गया** तथा वर्ष 2003 में पुनर्गठित किया गया कार्यक्रम है जिसका उद्देश्यमानसिक स्वास्थ्य **सुविधाओं का आधुनिकीकरण करना एवं चिकित्सा संस्थानों में मनोरोग संबंधी विभागों को उन्नत करना** है।
  - इसके अतिरिक्त वर्ष 1996 से **ज़िला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (DMHP)** ने 716 ज़िलों में सक्रिय प्राथमिक स्वास्थ्य स्तर पर सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं पर ध्यान केंद्रित किया है।
    - DMHP, सामुदायिक स्वास्थ्य एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर बाह्य रोगी सेवाएँ, परामर्श, मनो-सामाजिक हस्तक्षेप व गंभीर मानसिक विकारों के लिये सहायता प्रदान करता है।
  - संयुक्त रूप से वे भारत में मानसिक स्वास्थ्य देखभाल के लिये एक व्यापक रणनीति बनाते हैं।
- **राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम:**
  - देश में गुणवत्तापूर्ण मानसिक स्वास्थ्य परामर्श एवं देखभाल सेवाओं तक पहुँच को और बेहतर बनाने के लिये NTMHP को अक्तूबर 2022 में लॉन्च किया गया था।
  - **राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान (NIMHANS)** ,बंगलुरु राष्ट्रीय स्तर पर भारत का सर्वोच्च केंद्र है, जो पूरे भारत में **टेली मानस (Tele MANAS)** की गतिविधियों का समन्वय करता है।
    - 25 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों ने मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिये 36 **टेली मेंटल हेल्थ एंड नॉर्मलसी ऑगमेंटेशन सिस्टम (MANAS)** सेल स्थापित किये हैं।
    - इनके तहत कुल 63,806 समस्याओं का समाधान किया गया।
- **NIMHANS और iGOT-Diksha सहयोग:**
  - NIMHANS, **(iGOT)-Diksha** प्लेटफॉर्म के माध्यम से मनो-सामाजिक सहायता और प्रशिक्षण प्रदान करता है।
    - NIMHANS द्वारा (iGOT)-Diksha प्लेटफॉर्म पर स्वास्थ्य कार्यकर्त्ताओं के लिये ऑनलाइन प्रशिक्षण आयोजित किया गया।
- **आयुष्मान भारत– HWC योजना:**
  - आयुष्मान भारत - स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र **(The Ayushman Bharat - Health and Wellness Centres - AB-HWCs)** आयुष्मान भारत कार्यक्रम का हिस्सा हैं।
    - कार्यक्रम का उद्देश्य निवारक, प्रोत्साहन, उपचारात्मक, पुनर्वास और उपशामक देखभाल (एक विशेष चिकित्सा दृष्टिकोण **जिसका उद्देश्य गंभीर बीमारियों वाले लोगों के लिये जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है)** सहित सेवाओं की एक विस्तृत शृंखला प्रदान करना है।
  - आयुष्मान भारत के दायरे के तहत **स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों (HWC) में मानसिक,** तंत्रिका संबंधी और **मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी विकारों (MNS)** पर परिचालन दिशानिर्देश जारी किये गए हैं।
- **महामारी-प्रेरित मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का समाधान:**
  - सरकार ने **विभिन्न वर्गों को मनोसामाजिक सहायता प्रदान करने वाली 24/7 हेल्पलाइन** स्थापित की है।
    - **विभिन्न सामाजिक समूहों** के लिये दिशानिर्देश और सलाह जारी करके।
  - तनाव एवं चिंता को प्रबंधित करने के लिये विविध मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से वकालत और एक सहायतापूर्ण वातावरण को बढ़ावा देना।
- **मानसिक स्वास्थ्य संस्थाओं के लिये वित्तीय सहायता:**
  - ज़िला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम को **2022-23 के लिये राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन** के तहत राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के लिये 159.75 करोड़ रुपए का फंड आवंटन प्राप्त होता है।

मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित अन्य पहलें:

- **वशिव मानसकि स्वास्थ्य दविस।**
- करिण हेल्पलाइन।
- राष्ट्रीय कशिोर स्वास्थ्य कारयक्रम

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mental-health-initiatives-in-india